श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 155, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज रविवार, 10 जनवरी, 2021

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

यूपी में 16 से शुरू होगा कोरोना टीकाकरण

नौ लाख स्वास्थ्य कर्मियों को सबसे पहले लगेगा टीका 11 को पूर्वाभ्यास। पहले चरण में स्वास्थ्य कर्मियों को टीका लगाए जाने के बाद दूसरे चरण में करीब 18 लाख फ्रंटलाइन वर्करों को टीका लगाया जाएगा। इसमें राजस्व कर्मी नगर निगम कर्मी और पुलिस आदि शामिल हैं।

लखनऊ, [राज्य ब्यूरो]। उत्तर प्रदेश में 16 जनवरी से कोरोना का टीका लगाया जाएगा। देश भर में जिन पांच हजार केंद्रों पर टीकाकरण की शुरूआत होगी, उसमें से 850 केंद्र यूपी के हैं। सबसे पहले नौ लाख स्वास्थ्य कर्मियों को टीका लगाया जाएगा। पूरे प्रदेश में इसके लिए अस्पतालों में 1,500 टीकाकरण केंद्र बनाए गए हैं। फिलहाल चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और चिकित्सा शिक्षा विभाग टीकाकरण की तैयारियों में जुट गया है। भारत में आक्सफोर्ड की कोविशील्ड और भारत बायोटेक की कोवैक्सीन लगाने को हरी झंडी पहले ही दी जा चुकी है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.डीएस नेगी ने बताया कि कोरोना टीकाकरण की पुख्ता तैयारियां की जा रही हैं। पहले चरण में स्वास्थ्य कर्मियों को टीका लगाए जाने के बाद दूसरे चरण में करीब 18 लाख फ्रंटलाइन वर्करों को टीका लगाया जाएगा। इसमें राजस्व कर्मी, नगर निगम कर्मी और पुलिस आदि शामिल हैं। दूसरे चरण के टीकाकरण के लिए तीन हजार केंद्र बनाए गए हैं। तीसरे चरण में 50 साल से अधिक आयु के लोगों को और चौथे चरण में 50 साल से कम उम्र के उन लोगों को टीका लगाया जाएगा, जो पहले से किसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त हैं। डॉ.नेगी ने बताया कि हर टीकाकरण केंद्र पर प्रतिदिन 100 लोगों को टीका लगाया जाना है। ऐसे में सभी 75 जिलों में स्वास्थ्य कर्मियों और फ्रंटलाइन वर्करों की संख्या के अनुसार अलग-अलग संख्या में केंद्र बनाए गए हैं। जिस जिले में इनकी संख्या ज्यादा है, वहां ज्यादा केंद्र और जहां कम संख्या है वहां पर कम केंद्र बनाए गए हैं। सोमवार को प्रदेश में सभी जिलों में टीकाकरण का तीसरी बार पूर्वाभ्यास किया जाएगा। इससे पहले दो जनवरी को लखनऊ और पांच जनवरी को पूरे प्रदेश में पूर्वाभ्यास किया जा चुका है। यूपी पहला राज्य है जो टीकाकरण का तीन बार पूर्वाभ्यास कर रहा है।

यूपी में अभी तक 80 हजार लीटर वैक्सीन रखने की व्यवस्था थी, लेकिन अब 1.23 लाख लीटर वैक्सीन रखने की और व्यवस्था कर दी गई है। ऐसे में अब 2.03 लाख लीटर वैक्सीन आराम से रखी जा सकती है। दो डिग्री सेल्सियस से लेकर आठ डिग्री सेल्सियस तक तापमान पर वैक्सीन रखी जा सकेंगी। इसके लिए आठ वॉक इन कूलर, चार वॉक इन फ्रीजर, 1,610 आइएलआर, 1,430 डीप फ्रीजर, 26,800 वैक्सीन कैरियर और 1,950 कोल्ड बॉक्स केंद्र सरकार ने दिए हैं। 22 जिलों में वैक्सीन रखने के लिए 500 वर्ग फीट के कमरे बनाए गए हैं। बाकी जिलों में कमरों की मरम्मत कराई गई है।

कोरोना का टीका दो डोज में लगाया जाएगा। पहला टीका लगने के 28 दिन बाद दूसरा टीका लगाया जाएगा। हर केंद्र पर तीन कमरे बनाए गए हैं। पहला वेरिफिकेशन रूम, दूसरा वैक्सीनेशन रूम और तीसरा आब्जर्वेशन रूम। टीका लगने के बाद मेडिकल टीम की निगरानी में व्यक्ति को आधे घंटे तक आब्जर्वेशन रूम में रहना होगा।

कर्नाटक में 'गरीब' ब्राह्मण दुल्हनों को मिलेंगे तीन लाख रुपये

बेंगलुरु, एएनआइ। कर्नाटक राज्य ब्राह्मण विकास बोर्ड ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की दुल्हनों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए दो नई योजनाएं- अरुधंति तथा मैत्रेयी लांच की हैं। बोर्ड के अनुसार, इन योजनाओं के तहत पुजारियों से शादी करने वाली ब्राह्मण दुल्हनों को अरुधंति योजना के तहत 25 हजार रुपये तथा मैत्रेयी के तहत तीन लाख रुपये का बांड दिया जाएगा। राज्य की येदियुरप्पा सरकार द्वारा गठित इस बोर्ड के अध्यक्ष व भाजपा नेता एचएस सचिदानंद मूर्ति ने बताया है कि इन दोनों योजनाओं की मंजूरी मिल गई है तथा इनके लिए फंड आवंटित कर दिए गए हैं। हम इनके इस्तेमाल की प्रक्रिया तय करने में जुटे हैं। ये योजनाएं ब्राह्मण समाज के कमजोर वर्ग के लोगों की मदद करने की कोशिश का हिस्सा हैं। उन्होंने बताया कि पैसे तीन किस्तों में जमा कराए जाएंगे तथा यदि शादी चार साल तक बनी रहती है तो चौथे साल में राशि ब्याज सहित दी जाएगी। इन योजनाओं के आवेदकों को इसका प्रमाण देना होगा कि उनके पास पांच एकड़ से ज्यादा कृषि भूमि तथा 1,000 वर्ग फीट से बड़ा फ्लैट नहीं है। इसके साथ यह भी कि वे पिछड़ा वर्ग या अनुसूचित जाति के नहीं हैं तथा उनके परिवार की सालाना आय आठ लाख रुपये से अधिक नहीं है।

डॉक्टर हर्षवर्धन बोले, दवाओं की वैश्विक किल्लत से निपटने के लिए नया रोडमैप है जरूरी

नई दिल्ली, एजेंसियां। कोरोना से निपटने के लिए आवश्यक दवाओं और वैक्सीन की किल्लत को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने नए रोडमैप की जरूरत बताई है। स्वास्थ्य मंत्री ने प्रवासी भारतीय दिवस के मौके पर कोरोना के बाद की चुनौतियों पर आयोजित विशेष सत्र में अध्यक्षता करते हुए कहा कि विश्व को बीमारियों से होने वाली मौतों को कम करने के लिए प्रभावी रोडमैप की जरूरत है। हमें दवाओं और वैक्सीन की किल्लत को दूर करने का प्रयास करना होगा। यह लक्ष्य प्राप्त करने के लिए मैं आप लोगों के साथ मिलकर काम करने को तैयार हूं। उन्होंने कहा कि कोरोना काल ने हमें हमारी कमजोरियों से परिचित कराया है। हमें अपने स्वास्थ्य एवं चिकित्सा संबंधी ढांचे को बहुत मजबूत करना होगा। कोरोना के बाद की चुनौतियों, रणनीति और अंतरराष्ट्रीय संबंधों की चर्चा करते हुए हर्षवर्धन ने कहा कि विश्व की 60 फीसद वैक्सीन का निर्माण और आपूर्ति करने वाले भारत को अपनी वैश्विक जिम्मेदारियों का अहसास है। वैक्सीन के संबंध में भारत विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) समेत अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के संपर्क में है। कोरोना से निपटने के सरकार के कदमों की जानकारी देते हुए हर्षवर्धन ने कहा कि समन्वित प्रयासों से हमने प्रति दस लाख आबादी पर संक्रमितों की संख्या 7,533 और मृतकों की संख्या 109 रही जो वैश्विक आंकड़े से बहुत कम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोरोना के लिए शुरू से ही बहुत गंभीर रहे हैं। कोरोना से निपटने की तैयारी के लिए उन्होंने पहली बैठक पिछले साल आठ जनवरी को की थी। उन्होंने कोरोना से निपटने में अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों का भी बहुत आभार जताया। प्रवासी भारतीय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की बेहतरी के लिए भारत का और क्षमतावान होना जरूरी है। अंतरराष्ट्रीय मानकों की कसौटी पर भारत हमेशा एक विश्वसनीय साझेदार और भरोसेमंद आपूर्तिकर्ता रहा है। कोरोना काल के बाद भारत की और प्रभावी भूमिका के लिए आप्रवासी भारतीयों को आगे आकर मिलकर काम करना चाहिए।

कश्मीर में पूस भारी तो उत्तराखंड में फाल्गुन सा हुआ मौसम

कश्मीर में जहां पूस का महीना भारी पड़ता दिख रहा है। वहीं उत्तराखंड में मौसम फाल्गुन सा बना हुआ है। पिछले कुछ दिनों में बारिश के बाद भी उत्तराखंड के देहरादून में अधिकतम तापमान ने दस साल का रिकार्ड तोड़ दिया है।

जागरण टीम, नई दिल्ली। उत्तर भारत में कुछ दिन लगातार हुई बारिश के बाद फिर ठंड बढ़ने लगी है। वहीं, कश्मीर में जहां पूस का महीना भारी पड़ता दिख रहा है। वहीं, उत्तराखंड में मौसम फाल्गुन सा बना हुआ है। पिछले कुछ दिनों में बारिश के बाद भी उत्तराखंड के देहरादून में अधिकतम तापमान ने दस साल का रिकार्ड तोड़ दिया और पारा 27.1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। वहीं, कुछ दिन हल्की धूप से राहत के बाद शनिवार को कश्मीर में बर्फबारी का सिलसिला फिर शुरू हो गया। इससे सामान्य जनजीवन एक बार फिर अस्तव्यस्त हो गया।

ताजा बर्फबारी के कारण श्रीनगर एयरपोर्ट से 17 उड़ानें रद होने से कश्मीर का हवाई संपर्क देश-दुनिया से कट गया। हालांकि दोपहर बाद शेड्यूल की गई पांच उड़ानों में से तीन उड़ानों का आवागमन हुआ। इस बीच, जम्मू-श्रीनगर हाईवे पर जगह-जगह फंसे वाहनों को निकाला गया। इससे दिनभर लंबा जाम भी लगा रहा। इधर, जम्मू में भी दिनभर बादल छाए रहे और रात को कोहरे का पहरा रहा। इस बीच, मौसम विभाग ने 20 जनवरी तक मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई है। उधर, लद्दाख में भी ठंड का प्रकोप जारी है। लेह शहर में रात का न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे माइनस 15.3, कारगिल का माइनस 15.2 और द्रास का माइनस 20.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

इस बीच, लगातार दूसरे दिन भी जम्मू-श्रीनगर हाईवे पर फंसे वाहनों को श्रीनगर की ओर रवाना किया गया, जिनमें अधिकांश आवश्यक खाद्य समाग्री से भरे ट्रक शामिल थे। भारी बर्फबारी के कारण हाईवे पिछले चार दिन बंद रहा था। संबंधित अधिकारियों ने बताया कि हाईवे पर फंसे लगभग छह हजार वाहनों में से 1900 ट्रक शाम तक घाटी के लिए रवाना कर दिए गए थे, जबकि शुक्रवार शाम को 2200 ट्रक घाटी के लिए रवाना हुए थे। उत्तराखंड में मौसम साफ है और चटख धूप से पारा चढ़ने लगा है। दिन के समय धूप अभी से चुभने लगी है। दून में शनिवार को अधिकतम तापमान ने दस साल का रिकार्ड तोड़ दिया। यहां पारा 27.1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। अन्य शहरों में भी तापमान सामान्य से तीन से पांच डिग्री सेल्सियस तक अधिक रहा। मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिन प्रदेश में मौसम शुष्क बना रहेगा।

मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के मुताबिक, तापमान में वृद्धि का कारण प्रदेश में कम बारिश होना है। पहले मानसून सीजन में 20 फीसद कम बारिश दर्ज की गई। उसके बाद अक्टूबर और नवंबर में भी मेघ 50 से 60 फीसद कम बरसे। जबकि, दिसंबर में बारिश न के बराबर हुई। हालांकि, जनवरी में कुछ अच्छी बारिश हुई, लेकिन अभी भूमि में बेहद कम नमी है।

सुप्रीम कोर्ट से दिल्ली की सीमाओं से किसानों को हटाने का अनुरोध

नई दिल्ली, एएनआइ। दिल्ली की सीमाओं पर धरना-प्रदर्शन कर रहे किसानों को तत्काल हटाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका देने वाले ऋषभ शर्मा ने हलफनामा दायर कर आंदोलन को शाहीन बाग मामले में उसके फैसले के खिलाफ भी बताया है। शर्मा ने शनिवार को हलफनामा दायर किया। इसमें कहा है कि शीर्ष अदालत ने सार्वजनिक व्यवस्था को नुकसान पहुंचाए बिना विरोध प्रदर्शनों की अनुमति दी है, लेकिन इसकी वजह से आम लोगों को होने वाली परेशानी पर कुछ नहीं कहा है। इस तरह की अनुमति उसके शाहीन बाग मामले में दिए गए फैसले का उल्लंघन भी है।

अखबारों में प्रकाशित खबरों का जिक्र करते हुए शर्मा ने कहा है कि सार्वजनिक सड़कों पर किसानों के आंदोलन से आम लोगों को परेशानी होने के साथ ही कच्चे माल की कीमतें भी 30 फीसद तक बढ़ गई हैं। इससे तैयार माल अपने आप ही महंगे हो जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा है कि किसानों के आंदोलन से देश को रोजाना 3,500 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है।

ऋषभ शर्मा ने 20 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर किसानों को दिल्ली की सीमाओं से तुरंत हटाने का अनुरोध किया था। शर्मा का कहना था कि आंदोलन के चलते सड़कें बंद हो गई हैं, जिसकी वजह से आम राहगीरों को परेशानी तो हो रही है, एक जगह भीड़ के चलते कोरोना वायरस के फैलने का खतरा भी बढ़ गया है।

सुप्रीम कोर्ट ने पिछली सुनवाई में किसानों के प्रदर्शन में भीड़ को देखते हुए कोरोना संक्रमण फैलने की आशंका जताई थी। शीर्ष कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा था कि क्या किसान कोरोना वायरस से बचाव के जरूरी उपाय अपना रहे हैं? सरकार के इन्कार करने पर उखक शरद अरविंद बोबडे ने कहा कि अगर उपाय नहीं किए गए तो भीड़ से संक्रमण फैल सकता है। कोर्ट ने सरकार से भीड़ पर रोक के लिए दिशा-निर्देश जारी करने को कहा। सीजेआइ ने कहा था कि हम इसको लेकर चिंतित हैं, क्योंकि अगर उपाय नहीं किए गए, तो निजामुद्दीन तब्लीगी जमात जैसी स्थिति पैदा हो सकती है।

वर्चुअल सुनवाई व्यवस्था की समीक्षा के लिए अटार्नी जनरल ने सुप्रीम कोर्ट को लिखा पत्र

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई की वर्चुअल व्यवस्था से वकील परेशान हैं। कोरोना संकट के चलते 23 मार्च से शुरू हुई इस व्यवस्था के कारण कोर्ट में बहुत सारे मामले भी लंबित हो गए हैं। अटार्नी जनरल केके वेणुगोपाल ने इस बारे में सुप्रीम कोर्ट को पत्र लिखा है।

नई दिल्ली, आइएएनएस। कोरोना महामारी के दौर में सुप्रीम कोर्ट में शुरू हुई वर्चुअल सुनवाई की व्यवस्था से न्यायाधीशों के साथ-साथ वकील भी खासे परेशान हैं। 23 मार्च से शुरू हुई इस व्यवस्था के कारण कोर्ट में बहुत सारे मामले भी लंबित हो गए हैं। वर्चुअल सुनवाई के दौरान आनेवाली दिक्कतों को लेकर अटार्नी जनरल केके वेणुगोपाल ने सुप्रीम कोर्ट के सेक्रेटरी जनरल को पत्र लिखा और इस व्यवस्था की समीक्षा की आवश्यकता जताई है।

अटार्नी जनरल केके वेणुगोपाल ने पत्र में सुनवाई के दौरान होनेवाली दिक्कतों का जिक्र किया है। अटार्नी जनरल के कार्यालय ने इस तरह का पत्र लिखे जाने की पुष्टि करते हुए कहा कि वर्चुअल सुनवाई के दौरान आने वाली तकनीकी गड़बड़ियों के लिए उनकी राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआइसी) के अधिकारियों के साथ बैठक भी हुई है। एनआइसी ने आश्वस्त किया है कि वे पूरी व्यवस्था की जांच करेंगे। बता दें कि वकील भी समय-समय पर इस व्यवस्था के दौरान होनेवाली दिक्कतों के बारे में शीर्ष कोर्ट से शिकायत करते रहते हैं। अकसर कभी स्क्रीन गायब हो जाती है, तो कभी आवाज बंद हो जाती है। कभी सुनवाई के दौरान आवाज स्पष्ट सुनाई नहीं देती। पांच जनवरी को न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव की पीठ के सम्मुख जब अटार्नी जनरल पेश हो रहे थे तो उनकी आवाज बंद हो गई। इसी तरह की पहले भी कई बार तकनीकी गड़बड़ियां हो चुकी हैं।

उल्लेखनीय है कि बीते दिनों सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि महामारी के दौरान नागरिकों को न्याय उपलब्ध कराने में वीडियो कांफ्रेंसिंग की व्यवस्था काफी सफल रही है। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने हाई कोर्टों को अपने यहां और अधीनस्थ अदालतों में वर्चुअल सुनवाई के लिए नियम बनाने की छूट दी थी। अदालत ने कहा था कि ज्यादातर हाई कोर्टों ने पहले ही अपने नियम बना लिए हैं, जिन हाई कोर्टों ने नहीं बनाए हैं वे नए नियमों के बनने तक सुप्रीम कोर्ट की ई-कमेटी द्वारा उपलब्ध कराए गए नियमों को अपना सकते हैं।

आफत में पक्षी: दस राज्यों में पहुंचा बर्ड फ्लू

बर्ड फ्लू का प्रकोप देश के दस राज्यों तक पहुंच गया है। केंद्रीय कंट्रोल रूम का गठन कर केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को एहतियात बरतने के निर्देश दिए हैं जबकि बर्ड फ्लू प्रभावित राज्यों में निगरानी के लिए विशेष दल बनाए गए हैं।

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली। बर्ड फ्लू का प्रकोप देश के दस राज्यों तक पहुंच गया है। इसके अलावा भी कई राज्यों में पक्षियों की असामान्य मौत की खबरें हैं। इससे बर्ड फ्लू के वायरस के प्रसार की आशंका बढ़ गई है। केंद्रीय कंट्रोल रूम का गठन कर केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को एहतियात बरतने के निर्देश दिए हैं, जबकि बर्ड फ्लू प्रभावित राज्यों में निगरानी के लिए विशेष दल बनाए गए हैं। अब तक दस राज्यों में पक्षियों की अस्वाभाविक मौत होने से वायरस के प्रकोप से दहशत बढ़ गई है, जबकि सात राज्यों में वायरस से हुई मौत की पुष्टि हो चुकी है। राहत की बात है कि अभी देश में मानव में बर्ड फ्लू के फैलने की कोई सूचना नहीं है।

केंद्रीय पशुधन व डेयरी विभाग ने देश के सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों व प्रशासकों से संपर्क में रहने और राज्यों में बर्ड फ्लू की आशंका वाले क्षेत्रों पर कड़ी नजर बनाए रखने की अपील की है। केरल, राजस्थान, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, गुजरात और उत्तर प्रदेश में बर्ड फ्लू के प्रकोप की पुष्टि हो चुकी है।

वहीं, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और दिल्ली में जलाशयों के आसपास कौओं और बत्तखों के मारे जाने की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। महाराष्ट्र के दो जिलों में पोल्ट्री फार्म में मुर्गियों की अस्वाभाविक मौत की सूचनाएं हैं। इन सभी राज्यों से सैंपल जांच के लिए भेज दिए गए हैं। राज्य सरकारों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

उत्तर प्रदेश के कानपुर स्थित चिड़ियाघर में पक्षियों की मरने की खबर के बाद जांच के लिए भेजे गए सैंपल में बर्ड फ्लू के वायरस पाए गए हैं। इसी तरह दिल्ली के संजय गांधी लेक के पास कौओं और बत्तखों के मरे पाए जाने के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है।

राजधानी दिल्ली में बाहर से पक्षियों के लाने पर रोक लगा दी गई है। एहतियात के तौर पर गाजीपुर मुर्गा मंडी 10 दिनों के लिए बंद की गई है।

केंद्र सरकार ने सभी राज्यों में पोल्ट्री फार्म में काम करने वालों के लिए विशेष सुरक्षा बंदोबस्त करने की हिदायत दी है। पीपीई किट के बगैर कोई मुर्गियों के आसपास न जाएं। स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय बनाने को भी कहा गया है।

राज्यों को चिकेन व अंडा खाने को लेकर अफवाहों पर नियंत्रण पाने के लिए जागरूकता अभियान चलाने के भी निर्देश दिए गए हैं। अच्छी तरह पकाकर अथवा उबाल कर खाने से बर्ड फ्लू के वायरस का कोई खतरा नहीं है। वर्ष 2006 में भारत बर्ड फ्लू मुक्त हो चुका था। उसके बाद से यह पहली बार प्रवासी पक्षियों के आने से इसके वायरस यहां पहुंचे हैं।

मध्य प्रदेश में तेजी से फैल रहा बर्ड फ्लू, शिवपुरी और शाजापुर समेत कई जिलों में पहुंचा संक्रमण

भोपाल, जेएनएन। बर्ड फ्लू का संक्रमण प्रदेश में लगातार पैर पसार रहा है। शनिवार को प्रदेश के चार और जिलों में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। इसमें शिवपुरी, राजगढ़, विदिशा और शाजापुर शामिल हैं। इसी बीच, आगर मालवा में मुर्गा बाजार में टेबल, चाकू आदि से लिया गया एक सैंपल भी पॉजिटिव आया है। हालांकि, बाजार से चार मुर्गो के सैंपल भी लिए गए थे, जो निगेटिव आए हैं। सैंपल पॉजिटिव आने के बाद बाजार के सभी मुर्गो को मार दिया गया। यहां के आसपास के पोल्ट्री फार्मो को भी एक हफ्ते के लिए बंद करवा दिया गया है। प्रदेश में 26 दिसंबर के बाद से अब तक 13 जिलों में बर्ड फ्लू की पुष्टि हो चुकी है। इंदौर, मंदसौर, आगर-मालवा, गुना, उज्जैन, देवास, नीमच, खंडवा और खरगोन में पहले ही बर्ड फ्लू की पुष्टि हो चुकी है। शनिवार को इसमें चार अन्य जिले जुड़ गए। इंदौर और नीमच में मुर्गा बाजार से लिया गए पर्यावरणीय सैंपल (चाकू, टेबल और बर्तन से लिए नमूने) भी पॉजिटिव मिल चुके हैं।

हिमाचल में भूकंप के तगड़े झटके 4.2 मापी गई तीव्रता

शिमला, पीटीआइ। हिमाचल प्रदेश में कई इलाकों में शनिवार को भूकंप के तगड़े झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटकों के बाद लोग घबराकर अपने घरों से बाहर आ गए। समाचार एजेंसी पीटीआइ के मुताबिक, रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.2 मापी गई। नेशनल सेंटर ऑफ सिस्मोलॉजी के अनुसार, रात करीब 8.22 बजे आए भूकंप का केंद्र कांगड़ा की करेरी लेक रही। भूकंप से जान माल के नुकसान की कोई खबर तो नहीं है लेकिन तेज झटकों के चलते लोग दहशत से घरों से बाहर निकल आए। समाचार एजेंसी पीटीआइ के मुताबिक, भूकंप का केंद्र कनेरी में 10 किलोमीटर की गहराई में था। मालूम हो कि उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के कुछ इलाकों को भूकंप के लिहाज से काफी संवेदनशील माना जाता है। इन राज्यों के पहाड़ी इलाकों में अक्सर भूकंप आते रहते हैं। हाल के दिनों में हिमाचल प्रदेश में भूकंप के कई झटके महसूस किए गए हैं। समाचार एजेंसी पीटीआइ के मुताबिक, हिमाचल प्रदेश हाई सिस्मकि जोन में आता है और राज्य के इलाकों में अक्सर हल्की तीव्रता के भूकंप आते रहते हैं लेकिन इस बार कांगड़ा में आए भूकंप की तीव्रता ज्यादा रही है।

कुछ रिपोर्टों के मुताबिक, बीते पांच जनवरी को चंबा में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। चंबा में दो जनवरी को रात करीब पौने 12 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। हालांकि इसकी तीव्रता बेहद मामूली 2.6 मापी गई थी। आज ही शनिवार को उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। ये झटके सुबह करीब 11 बजकर 27 मिनट पर महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.3 मापी गई। झटके महसूस होने के बाद लोग दहशत में आ गए। बीते दो दिन में उत्तराखंड में दो बार भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं।

संक्षेप समाचार

ग्रापए प्रदेश अध्यक्ष की पत्नी के निधन पर शोक

सहसों। सहसों बाजार में पत्रकारों की एक शोक बैठक आहूत की गई। जिसमें ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष की पत्नी के आकस्मिक निधन पर शोक जताया गया एवं शोक संतप्त परिवार के प्रति ईश्वर से प्रार्थना की गई। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ कुमार की पत्नी श्यामा देवी 62 वर्षीय का आकस्मिक निधन हो जाने पर पत्रकारों की शोक बैठक हुई। इसमें उनके निधन पर दुख व्यक्त करते हुए 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से शोक संतप्त परिवार के प्रति प्रार्थना की गई। ईश्वर इस परिवार को सहनशीलता प्रदान करे। बैठक में प्रमुख रूप से मौजूद अमलेन्द्र कुमार त्रिपाठी, अरुण प्रकाश शुक्ल, शारदा प्रसाद यादव, रवि दुबे, जितेंद्र कुमार शुक्ल आदि मौजूद रहे।

बैंक लूटने की योजना बना रहे बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ में चार गिरफ्तार

बैंक आफ बड़ौदा शाखा करछना में लूटपाट से पहले बदमाशों के इरादों पर फिरा पानी, मकसद में कामयाब हो पाते पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से घायल बदमाश

करछना। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक यमुनापार क्ढर सौरव दीक्षित के सख्त निर्देश पर देर रात करछना थाना क्षेत्र के चनैनी गांव के प्राथमिक स्कूल के पास दो बदमाशों को पुलिस मुठभेड़ में गोली लगी। आपको बता दें यह चारों शातिर बदमाश करछना थाना क्षेत्र के साधु कुटी चौराहा पर बैंक आफ बड़ौदा बैंक की शाखा में रात्रि को लूटने के फिराक में आए थे पुलिस ने इनके काले करनामो पर पानी फेर दिया वही पुलिस से मुठभेड़ हुई जिसमें करछना थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह एसओजी प्रभारी यमुनापार बिंद्रावन राय के नेतृत्व में जवाबी फायरिंग में दो बदमाशों को गोली मारी गई है। जिससे इमरान सेख पुत्र फरीद सेख और ज़ियाउल सेख पुत्र सल्लाह घायल हुए हैं और दो अन्य साथियों को पुलिस ने दबोचा है जिसमें अफरोख सेख व कजम्मुल सेख शामिल हैं चारों शातिर बदमाश झारखंड के रहने वाले हैं इनमे से एक बदमाश शहर के एक सराफा कारोबारी कीं दूकान में लाखों की चोरी का आरोपी शामिल हैं, शुक्रवार की रात करछना के साधूकुटी बैंक आफ बड़ौदा लूटने के फि राक में थे इन बदमाशों के पास गैस कटर, सिलेंडर, बम, तमंचे, राड व अन्य उपकरण पुलिस ने बरामद किया है मीडिया को जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक यमुनापार क्ढर सौरभ दीक्षित ने बताया लगातार बदमाशों पर प्रभावी कार्रवाई जारी रहेगी पंचायत चुनाव को देखते हुए विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है यमुनापार से बदमाशों का हर हाल में सफाया करने का प्रयास किया जा रहा है।

हादसे में क्षतिग्रस्त ट्रक

मीरजापुर हाइवे मार्ग पर दो ट्रक आपस में भिड़े, चालक घायल

करछना। थाना क्षेत्र के मीरजापुर हाईवे मार्ग पर शनिवार को भोर में पचदेवरा के पास दो ट्रको के आपस में भीषण एक्सीडेंट हो गया जिसमें में एक ट्रक ड्राइवर घायल हो गया। जानकारी के अनुसार पचदेवरा अमर ज्योति हॉस्पिटल समीप सुबह 5:00 बजे के आस पास सामने से जा रही ट्रको से जोरदार टक्कर हो जाने से जिससे गाड़ी पुरी तरह से क्षतिगस्त हो गई जानकारी के बाद मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी पनासा अमित कुमार सिंह जे सी बी की मदद से ड्राइवर को बाहर निकाल उपचार के लिए नजदीकी प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया ड्राईवर का मुकुल पुत्र राम विलास गांव जाना थाना सारे जिला नालंदा बिहार का रहने वाला है। इसी तरह पचदेवरा के पास ही एक अनियंत्रित होकर और ट्रक पलट गयाा, जिसमें चालक हल्की चोटें आई हैं। शनिवार को मीरजापुर हाइवे मार्ग पर कुछ ही समय में लगातार दो हादसो से घंटो मीरजापुर मार्ग पर आवागमन प्रभावित रहा।

गरीब, बेबस एवं असहायों की समाज सेवा ही मानव का सबसे बड़ा धर्म : राजेंद्र सिंह पटेल

नवाबगंज। अमर शहीद बाबूलाल पटेल मेमोरियल समिति मलक बलाऊ प्रयागराज की तरफ से लगातार दूसरी बार अमर शहीद बाबूलाल पटेल की पुण्यतिथि पर गरीबों, दिव्यांगों, विधवाओं, वृद्धों को निःशुल्क कम्बल और दवा वितरण का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि अपना दल एस के जिला मीडिया प्रवक्ता आशीष पटेल ने कहा कि हम उस क्षेत्र के निवासी हैं जिस क्षेत्र का बेटा 7 जनवरी 2013 को झारखंड के लातेहार में नक्सलियों से लोहा लेते हुए शहीद हुए थे और इस किसान बेटे के साथ अमानवीय कृत्य किया गया था। इस बेटे के पेट को चीर कर आरडीएक्स भर दिया गया था जिससे देश के बहुत से सारे जवानों को शहीद किया जा सके लेकिन डॉक्टरों की सूझ बूझ से बड़े हादसे को टाला जा सका। यह हमारे क्षेत्र के गर्व की बात है।

अति विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम सभा उल्दा प्रधान प्रत्यासी नरेंद्र पटेल उर्फ मुन्ना डॉक्टर रहे। नरेंद्र पटेल ने कहा कि इस तरह के आयोजन विरले ही लोग करते हैं जो हमेशा समाज सेवा के लिए तत्पर रहते हैं वही इस तरह के आयोजन करते हैं।विशिष्ट अतिथि जोन अध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि समाज सेवा बहुत ही बड़ा पुण्य का काम है गरीबों को सेवा करके पुण्य प्राप्त किया जा सकता है। समिति के लोगों को बहुत-बहुत आभार एवं धन्यवाद प्रकट करते हैं। समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह पटेल के द्वारा शहीद के माता-पिता को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। समिति के अध्यक्ष राजेंद्र पटेल ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि शहीद के माता पिता इस आयोजन में पधारे और गरीबों, दिव्यांगों, विधवाओं, वृद्धों की सेवा करने से हमें बहुत बड़ा पुण्य मिलता है और हमारा परिवार आप सभी लोगों के आशीर्वाद से निरोग और खुशहाल रहता है इसीलिए यह आयोजन विगत 2 वर्षों से अनवरत जारी है और भविष्य में निरंतर जारी रहेगा। विशेष सहयोगीगणों में भावी जिला पंचायत प्रत्याशी वार्ड नंबर 46 सुभाष पटेल, पटेल पॉलीक्लिनिक के प्रबंधक डॉ सुरेंद्र पटेल, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा प्रबंधक कृष्ण बाबू सिंह, ग्राम प्रधान पति अजीत पटेल, समाजसेवी दीप चंद्र केसरवानी, समाजसेवी देवदत्त पटेल, पूर्व प्रधान रामपाल पटेल, प्रधान प्रत्याशी रामू पटेल, समाजसेवी रॉबिन सिंह पटेल आदि क्षेत्रीय गणमान्य जनता की उपस्थिति रही। असहाय, विधवा, वृद्ध कंबल और निःशुल्क दवा पाकर उनके के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई और उन्होंने समिति के सदस्यों को आशीर्वाद दिया कि आप सभी लोगों का परिवार हमेशा निरोग और खुशहाल बना रहे।

अंगवस्त्र से सम्मानित सहीद के माता पिता व अन्य

तीन दिन पहले घर से गायब युवक का टोंस नदी में मिला शव, सदमे में दादी की हुई मौत

करछना। थाना क्षेत्र के कटका गांव से 3 दिन पहले घर से लापता युवक का नदी से शव बरामद। कटका गांव निवासी लाल बहादुर का पुत्र सैनन 3 दिन पूर्व में घर से दौड़ने के लिए निकला था। जिसकी परिजनों ने हर संभव हर जगह खोजबीन करने के बाद पुलिस को गायब होने की सूचना दी थी लेकिन कहीं भी पता नहीं चल सका। शुक्रवार देर रात को दादी चौरा देवी पत्नी स्वर्गीय जगदंबा प्रसाद 75 वर्ष एकलौता नाती के गायब होने से सदमे से मौत हो गई। शनिवार को सुबह परिजन दादी चौरा देवी के अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे तभी गांव के पास टोंस नदी में युवक का शव मिलने से घर में घर मातम का पहाड़ टूट गया और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया।वहीं पिता के सर से बेटे और मां की साया छिन गया।

ट्रैक्टर ट्राली से गिरा श्रद्धालु, चक्के के नीचे आने से मौत

घूरपुर। घूरपुर क्षेत्र के भीटा गाव से शनिवार की दोपहर ट्रैक्टर ट्राली पर सवार होकर दर्जनों लोग संगम स्थित बड़े हनुमान जी का निशान लेकर जा रहे थे कि जैसे ही घूरपुर बाजार में पहुंचा कि ट्रैक्टर ट्राली पर सवार एक श्रद्धालु सड़क पर गिर चक्के के नीचे कुचल गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर परिजनो में कोहराम मच गया। शव को पुलिस ने पीएम के लिए भेजा।

भीटा गांव निवासी भाई लाल आदिवासी (50) पुत्र स्व. हर्ष नारायण पेशे से ट्रक चालक है। शनिवार की दोपहर गांव से संगम स्थित बड़े हनुमान जी का निशान जा रहा था। ट्रैक्टर ट्राली पर दर्जनों लोग सवार होकर जा रहे थे। ट्रैक्टर ट्राली पर भाई लाल भी सवार था। ट्रैक्टर जैसे ही घूरपुर बाजार पहुंची की ट्राली से अचानक भाई लाल सड़क पर गिर गया और उसी ट्रैक्टर ट्राली का चक्का सिर कुचलते आगे बढ़ गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर परिजनो में कोहराम मच गया रोते बिलखते परिजन भी पहुंचे।पुलिस पहुंच शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा। मौके से भाग रहे ट्रैक्टर को पुलिस ने इरादतगंज बाजार में चालक सहित पकड़ लिया।

श्रद्धालु की मौत के बाद जुटी भीड़

बेसहारा हो गए 6 बच्चे व पत्नी, रो रोकर हाल बेहाल

हादसे में भाई लाल की मौत से 6 बच्चे व पत्नी बेसहारा हो गए। भाई लाल के कमाई पर ही पूरा परिवार निर्भर था। उनकी मौत से परिवार में दुखो का पहाड़ टूट पड़ा। पत्नी प्रभावती रोते रोते बेसुध हो जाती थी पांच बेटे कन्हैया लाल, राजेश, बृजेश, राजन, साजन, व बेटी कविता आदि परिजनों का भी रो रोकर बुरा हाल हो गया है।

किसान आन्दोलन में जेल गए 9 में से 7 सपा कार्यकर्ता हुए रिहा

समर्थकों ने जगह-जगह फूल माला पहना कर किया स्वागत

नैनी। किसानों के समर्थन और कृषि कानून के विरोध में प्रदर्शन के दौरान जेल भेजे गए 9 समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं में से 7 कार्यकर्ताओं को जमानत पर रिहा कर दिया गया। दो कार्यकर्ताओं के नाम में गलती के कारण उनकी रिहाई नहीं हो सकी। सपा समर्थकों ने नैनी जेल से जार्ज टाउन स्थित पार्टी कार्यालय तक जगह-जगह कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। रिहा हुए कार्यकर्ताओं ने सरकार के दमनकारी नीति के खिलाफ संघर्ष जारी रखने को कहा।

सपा कार्यकर्ताओं का स्वागत करते समर्थक

कृषि कानून का विरोध कर रहे सपा कार्यकर्ताओं संदीप यादव, मुशीर अहमद, राजेश यादव, सौरभ यादव, अरुण यादव, बब्लू रावत, अमित यादव और शिबू को 32 दिनो के बाद जमानत मिली। दो सपा कार्यकर्ता विकास यादव बालाजी और शिवा केसरवानी के नाम मे त्रुटी के कारण आज रिहाई नही हो पाई। रिहाई मिलने पर नैनी जेल के बाहर बड़ी संख्या में सपा कार्यकताओं का जमावड़ा लगा रहा। जेल से बाहर आते ही सपा समर्थकों ने नारे लगाते हुए फूल माला से लाद कर उनका स्वागत किया। नैनी जेल से लेकर सपा कार्यालय तक समर्थकों ने जगह-जगहा काफिला रोक कर उनका स्वागत किया। संदीप यादव व मुशीर अहमद ने कहा की प्रदेश सरकार चाहे जितना दमन कर ले सपाईयों के हौसले कम नहीं होंगे। हम समाजवादी हैं हमारा संघर्ष दमनकारी सरकार के खिलाफ और व्यापक तरीके से जारी रहेगा। स्वागत करने वालो मे समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव सन्दीप पटेल, वीरु पासी, उदय यादव, दिलीप यादव, मयंक यादव जंन्टी, फैजान अहमद, सोनू, शीलू, रक्षा मंत्री यादव, इम्तेयाज कुरैशी समेत सैकड़ो सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्रयागराज संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेसियों की बैठक

उतरांव। जिला कांग्रेस कमेटी संगठन सृजन अभियान के तहत शनिवार को झूंसी में ब्लॉक और न्याय पंचायत संगठन सृजन के सनदभ में एक बैठक ब्लॉक बहादुरपुर के झूंसी नारायणदास पुरा में जिला पंचायत सदस्य गुलाब यादव के अध्यक्षता में हुई जिसमें पार्टी के प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग सुभाष चंद्र यादव जी एवं जिला अध्यक्ष ओबीसी गंगापार रामविलाश प्रजापति एवं जिला अध्यक्ष ओबीसी प्रतापगढ़ सत्य प्रकाश शर्मा जी रहे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महासचिव प्रियंका गांधी व प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव के निर्देश पर संगठन सृजन अभियान के तहत न्याय पंचायत स्तर से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक संगठन सृजन अभियान के तहत की जा रही है इसके माध्यम से गांव व बूथ स्तर की जनता कांग्रेस की तरफ रुझान कर रही है इस मौके पर विनय कुमार सिंह, वीरसेन यादव, सुरेश पटेल, राकेश पटेल आदि कार्यकता मौजूद रहे।

नैनी कोतवाली का निरीक्षण करने पहुंचे एडीजी व एसएसपी

नैनी। शनिवार को एडीजी प्रेम प्रकाश व एसएसपी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी शाम को नैनी कोतवाली पहुंचे। वहां पर महिला हेल्प डेस्क शक्ति मिशन एवं कोविड हेल्प डेस्क का रजिस्टर चेक किया। अधूरी इंट्री पर नाराजगी जताई। उसके बाद दफ्तर, भोजनालय चे?क किया। इंस्पेक्टर नैनी जीतेंद्र सिंह को जल्द से अधूरे रजिस्टर एवं अन्य कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। चेतावनी दी कि दस दिन के अंदर सारे कार्य पूरे हो जाने चाहिए। दोबारा निरीक्षण के दौरान अगर कोई कमियां मिलीं ?तो कार्रवाई तय हैं। हालांकि नैनी कोतवाली की साफ सफाई पर दोनों अफसरों ने संतुष्टी जाहिर की। इस दौरान अपराध रजिस्टर को भी चेक किया। नए साल के रजिस्टर नहीं बनने पर रजिस्टरों की जांच पड़ताल किए। कोविड हेल्प डेस्क इंचार्ज से पूछताछ की। जरूरी दिशा निर्देश दिए। इंस्पेक्टर कोविड 19 का रजिस्टर में तीन दिन से इंट्री नहीं थी। अपराध रजिस्टर अधूरा था, उसे पूरा करने को कहा। नैनी कोतवाली की साफ सफाई से संतुष्ट थे। 10 दिन की मोहलत दी है कि इंस्पेक्टर अगले निरीक्षण में आए कमी पाए तो कार्रवाई होनी तय है।

नैनी कोतवाली का निरीक्षण करते एडीजी व एसएसपी

चोरी की अपाची के साथ दो चोर गिरफ्तार, दो अपाची सवार फरार

मऊआइमा। चोरी की अपाची के साथ पुलिस ने दिनदहाड़े दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया है जबकि दो अपाची के साथ दो चोर भागने में कामयाब रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के रेलवे ओवर ब्रिज के निकट चेकिंग के दौरान पुलिस ने चोरी की अपाची के साथ दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया है जबकि दो अपाची से दो चोर पुलिस को देख कर भागने में सफल रहे हैं। पुलिस गिरफ्तार दोनों चोरों को लेकर फरार चोरों के यहां दबिश देने प्रतापगढ़ क्षेत्र में पहुंची है। पुलिस का कहना है कि अभी पकडे गए चोरों को लेकर दबिश दी जा रही है। संभवतः इनके साथ पूरा चोरों का गिरोह है। जिसकी छान बीन और दबिश दी जा रही है।

चोरों ने दो अलग-अलग गांवों में घरों में घुस कर लाखों के माल पर किया हाथ साफ

मऊआइमा। मऊआइमा में चोरों के हौसले पूरी तरह बुलंद हैं। बीती रात चोरों ने दो अलग-अलग गांवों में घरों के छत से कमरों में घुस कर सोने, चांदी के जेवरातों, नगदी सहित लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिए। शनिवार को सुबह चोरी की घटना का पता लगते ही घरों में कोहराम मच गया। मौके पर स्थानीय थाने की पुलिस और खोजी कुत्ता पहुंच कर मौका मुआयना किए।

मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम छीतेमऊ बहेरा निवासी ओमप्रकाश पुत्र जागेश्वर प्रसाद सचिवालय में रहते हैं तथा उनका परिवार घर पर रहता है। बीती रात घर के सारे सदस्य सोए हुए थे। शनिवार को सुबह परिजनों ने देखा कि कमरों का ताला टूटा हुआ है। तथा अटैची, संदूकों, अलमारी का ताला टूटा हुआ है और सिरे सोने चांदी जेवरात एवं नगदी सहित अनेकों कीमती सामान लगभग दस लाख के सामानों की चोर चोरी कर लिए। चोरी इतनी बड़ी घटना से पूरे परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और खोजी कुत्ते को सघन घुमाया गया परन्तु कुछ हासिल नहीं हुआ। बताते हैं कि चोर घर के छत पर चढ कर कमरे में आ गए और घटना को अंजाम दिए। थाने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। इसी प्रकार बीती रात सक्रिय चोरों ने ग्राम शहबाजपुर निवासी कामता प्रसाद पुत्र भुलई राम के यहां छत के रास्ते घर में कूद कर कमरों में घुस कर लगभग पचास हजार की चोरी करने में सफल रहे हैं। पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच करके वापस लौट आयी।

शिक्षामित्र के आकस्मिक निधन पर शोक सभा

शंकरगढ़। ब्लाक संसाधन केंद्र शंकरगढ़ पर शिक्षकों ने बैठक कर प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षा मित्र के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया और दो मिनट मौन रहकर मृतक की आत्मा के शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की गयी। बता दे कि प्राथमिक विद्यालय बवन्धर के शिक्षा मित्र विजय बहादुर की 7 जनवरी को हृदय गति रुक जाने से मौत हो गई जिसके बाद शिक्षक साथियों में शोक व्याप्त हो गया । शोक सभा के उपरांत बैठक में पीड़ित परिवार की मदद करने का निर्णय लिया गया। उपस्थित शिक्षकों ने विकास खण्ड के सभी शिक्षक, शिक्षामित्र व अनुदेशकों से अपील किया कि सभी लोग सहयोग राशि एकत्र कर-के पीड़ित परिवार की मदद करे। बैठक में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ इकाई शंकरगढ़ के अध्यक्ष बृजेश सिंह, जूनियर शिक्षक संघ के अध्यक्ष अजय सिंह, चंद्रशेखर यादव, धर्मेंद्र पाण्डेय, विवेकानंद, विजय सिंह, अशोक यादव, कल्याण चंद्र द्विवेदी, शेष प्रताप सिंह, कमलेश सिंह, दिनेश सिंह, वीरेंद्र सिंह, पुष्पलता सिंह, जेबा तबस्सुम सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे ।

संक्षेप समाचार

न्यायविद हनुमान मंदिर के लिए स्वामी वासुदेवानंद से मांगी मदद

प्रयागराज। हाईकोर्ट के पास स्थित न्यायविद हनुमान मंदिर के लिए न्यायविद विराजमान हनुमान मंदिर संघर्ष समिति के आंदोलन के तहत पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती से मिलकर न्यायविद विराजमान हनुमान मंदिर के मामले में हस्तक्षेप करने का आग्रह किया। शंकराचार्य वासुदेवानंद ने जिलाधिकारी एवं सूबे के मुख्यमंत्री से इस बारे में बात करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इस मंदिर में हनुमान जी का दर्शन वह 1955 से स्वयं करते रहे हैं। स्वामी वासुदेवानंद से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में संघर्ष समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत मिश्र, सचिव प्रदीप तिवारी, विश्व हिंदू परिषद के महानगर अध्यक्ष अजय गुप्ता, महानगर मंत्री सुशील राय, बजरंग दल के महानगर संयोजक अभिमन्यु शाही एवं विहिप के प्रांतीय विशेष सम्पर्क प्रमुख आशुतोष श्रीवास्तव शामिल थे।

प्रयागराज मण्डल स्तर पर आयोजित होने वाली सांस्कृतिक प्रतियोगिता में ढिढिया लोकनृत्य एवं नौटंकी विधा दल के प्रतियोगी ही कर सकते हैं आवेदन

प्रयागराज। शासनादेश के अनुसार 18 एवं 19 जनवरी, 2021 को मण्डल स्तर पर आयोजित होने वाली सांस्कृतिक प्रतियोगिता में प्रयागराज मण्डल के लिए केवल ढिढिया लोकनृत्य एवं नौटंकी के सांस्कृतिक दल ही आवेदन करने के लिए अनुमन्य है। प्रतियोगिता के लिए 12 जनवरी, 2021 तक आवेदन पत्र जमा किये जायेंगे। आवेदन पत्र जिला सूचना कार्यालय से प्राप्त कर जिला सूचना कार्यालय में ही जमा किये जायेंगे। प्रतियोगिता का आयोजन 18 एवं 19 जनवरी, 2021 को प्रातः 11:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक निर्धारित स्थान पर किया जायेगा। प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए कोई शुल्क देय नहीं है। शासनादेश के अनुसार प्रयागराज मण्डल में ढ़िढिया लोकनृत्य एवं नौटंकी की प्रतियोगिता आयोजित कर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिये जाने हेतु चयन किया जाना है। विजयी सांस्कृतिक दल को प्रमाण पत्र भी दिये जायेंगे। सांस्कृतिक प्रतियोगिता के विजयी कलाकारों को उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर दिनांक 24-26 जनवरी, 2021 को नोयडा एवं लखनऊ में आयोजित कार्यक्रमों में पुरस्कृत करते हुए आयोजन में सहभागिता दी जायेगी।

सिविल लाइन्स में अतिक्रमण हटाने पहुंची पीडीए की टीम पर हमला

व्यापारियों ने लगाया पीडीए पर आरोप, बिना नोटिस दिये अतिक्रमण हटाने पहुंची थी टीम

झड़प में एक सिपाही की कारबाइन टूटी

जोनल अधिकारी समेत दो सिपाही घायल

सिविल लाइन्स सुभाष चौराहे पर पीडीए की कार्रवाई के दौरान पुलिस व व्यापारियों में होती झड़प

पुलिस की पिटाई से लहुलुहान व्यापारी

प्रयागराज। सड़क चैड़ीकरण के लिए पीडीए द्वारा शनिवार को शहर के सिविल लाइंस क्षेत्र में अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सड़क किनारे लगी दुकानों का हटवाया जा रहा था, तभी पूर्व पार्षद अमित सिंह और बबलू फनटाइम ने विकास प्राधिकरण की टीम पर हमला बोल दिया। पूर्व पार्षद, उसके समर्थक और पुलिस में झड़प में एक सिपाही की कारबाइन टूट गई। इसके अलावा अन्य दो सिपाहियों को भी चोट लगी। पुलिस ने हंगामा करने वालों को हिरासत में ले लिया।

पीडीए की टीम शनिवार को सुभाष चैराहे के आस पास पार्किंग की जगह पर दुकानों को हटवाने निकली थी। दुकानों पर बुलडोजर चलाने की कार्रवाई शुरू होने ही वाली थी कि भाजपा के पूर्व पार्षद अमित सिंह, उनके समर्थक और दुकानदारों ने विकास प्राधिकरण की टीम को कार्रवाई करने से रोक। इस पर पीडीए की टीम और दुकानदारों के बीच झड़प शुरू हो गई। नेता और समर्थकों ने पीडीए टीम और पुलिस पर हमला कर दिया। दुकानदारों ने पीडीए के अफसरों से भी जमकर हाथापई की। उग्र लोगों ने भीड़ को हटा रहे एक सिपाही की कारबाईन छीनने का प्रयास किया। छीनाझपटी में सिपाही की कारबाइन टूट गई। जिसपर पुलिस ने भी लाठियों से जवाब देना शुरू किया तो लोग वहां से भागने लगे। इस दौरान वहां भगदड़ मच गई। पुलिस व्यापारियों पर लाठियां बरसाने लगी एक व्यापारी के सिर में गंभीर चोटें आई है व्यापारी का सिर फट गया और काफी खून बह गया खून से लतपथ व्यापारी को लेकर कुछ लोग अस्पताल पहुंचे। व्यापारियों का आरोप है कि बिना नोटिस दिये पीडीए की टीम दुकान गिराने पहुंची। पुलिस ने हंगामा करने वाले और सरकारी काम में बाधा डालने वाले लोगों को हिरासत में ले लिया है। इस घटना में जोनल अधिकारी आलोक पांडेय समेत दो सिपाहियों को भी चोट लगी। खबर लिखे जाने तक घटना के विरोध में बड़ी संख्या में सिविल लाइन्स समेत पूरे शहर के दुकानदार सिविल लाइन्स थाना पहुंचकर घेराव कर दिया।

पीडीए अफसरों के विरोध पर पुलिस ने दो को पीटा, व्यापारियों ने थाना घेरा

प्रयागराज। सिविल लाइंस क्षेत्र के सुभाष चौराहे पर अतिक्रमण हटाने पहुंचे विकास प्राधिकरण के अधिकारियों का व्यापारियों ने विरोध किया। विकास प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना था कि हाईकोर्ट के निर्देश पर पार्किंग क्षेत्र को खाली कराने के साथ ही अवैध निर्माण भी हटाया जाना है। वहीं, व्यापारी इसके लिए नोटिस जारी करने की बात कह रहे थे। इसी बात को लेकर पीडीए अधिकारियों और व्यापारियों के बीच विवाद होगया। व्यापारियों का आरोप है कि पुलिस ने इस दौरान अमित सिंह और सनी सिंह की पिटाई कर दी। इसके बाद व्यापारियों का गुस्सा भड़क उठा। सिविल लाइंस क्षेत्र के व्यापारी व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुशील खरबंदा के नेतृत्व में सिविल लाइंस थाने का घेराव करने पहुंच गए। व्यापारियों का कहना है कि बिना नोटिस जारी किए ही विकास प्राधिकरण इन दिनों कार्रवाई करने पर अमादा है। वहीं विकास प्राधिकरण के सचिव दयानंद प्रसाद का कहना है कि हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में पार्किंग वाले क्षेत्र को खाली कराया जा रहा है। व्यापारी संगठनों से इसके लिए पूर्व में वार्ता भी हुई थी। व्यापारियों ने सहयोग करने का वादा किया था।

मीटिंग में उपस्थित चौकी प्रभारी व थाना प्रभारी

माघ मेला की सुरक्षा को देखते हुए एडीजी आईजी व एसएसपी ने ली हाई लेवल मीटिंग

मेला क्षेत्र के सभी चौकी प्रभारी थाना प्रभारी रहे मौजूद

प्रयागराज। संगम नगरी में माघ मेला 2021 को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी लेने के लिए आज शाम तकरीबन 6:00 बजे माघ मेला पुलिस लाइन स्थित मानसरोवर सभागार में एडीजी प्रेम प्रकाश आईजी के पी सिंह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी ने मेला क्षेत्र के सभी थानों के थाना प्रभारी व चौकी प्रभारी के साथ मीटिंग किए वही मीटिंग के दौरान जिले के कप्तान सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी ने सभी थाना प्रभारी चौकी प्रभारी को कड़े निर्देश दिए कि मेला क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाए बाहर से आए हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा करना प्रयागराज पुलिस की अहम जिम्मेदारी है ड्यूटी के दौरान किसी भी पुलिस ऑफिसर कि अगर लापरवाही बरती गई तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

धूमनगंज में शामिल हो जाएगा कौशाम्बी का पूरामुफ्ती थाना

प्रयागराज। कौशाम्बी जिले के 69 गांव प्रयागराज में शामिल होते ही पूरामुफ्ती थाना भी धूमनगंज थाने में समायोजित हो जाएगा। जिस गांव में पूरामुफ्ती थाना बना है, वह गांव धूमनगंज थाने में शामिल होने जा रहा है। ऐसे में पूरामुफ्ती थाना अब इतिहास बनकर रह जाएगा। धूमनगंज थाने का क्षेत्र बढ़ने के बाद अब प्रयागराज और कौशाम्बी के बीच एक एयरपोर्ट थाना खोला जाएगा। इसके लिए प्रस्ताव भेजा गया है। एयरपोर्ट थाना बनाने की प्लानिंग चल रही है। दरअसल कौशाम्बी जिले के 69 गांव ऐसे हैं जो राजस्व विभाग के अधीन हैं, लेकिन अपराध होने पर कौशाम्बी पुलिस मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करती थी। ये सभी 69 गांव कौशाम्बी के पूरामुफ्ती और पिपरी थाना क्षेत्र में आते थे। इनमें पिपरी में 29 गांव और बाकी 40 गांव पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र में शामिल थे। आईजी केपी सिंह ने बताया कि जो गांव प्रयागराज के धूमनगंज थाना क्षेत्र में शामिल हो रहे हैं, उनमें पूरामुफ्ती गांव भी शामिल है। यहीं पर पूरामुफ्ती थाना भी बना है। ऐसे में यह स्वतः ही धूमनगंज में शामिल हो जाएगा। अब कौशाम्बी पुलिस और प्रयागराज पुलिस के बीच बातचीत कर इसके रिकार्ड सुरक्षित किए जाएंगे। कौशाम्बी में एक नया थाना खोलने की प्लानिंग है, जिसमें पूरामुफ्ती के बाकी गांव शामिल होंगे। हो सकता है उस थाने का नाम पूरामुफ्ती ही जारी रखा जाए या फिर नया थाना बनाकर पूरामुफ्ती के सारे अधिकार क्षेत्र ट्रांसफर किए जाएं। इन सभी बिंदुओं पर विचार के लिए एक सामूहिक बैठक की जाएगी। अगले हफ्ते इस पर निर्णय लिया जाएगा।

सलोरी रेल उपरिगामी सेतु के निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास एवं भूमि पूजन

प्रयागराज। मा0 उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य शनिवार को उत्तर मध्य रेलवे के अन्तर्गत आने वाले तेलियरगंज/मजार से बड़ा बघाड़ा/ सलोरी सड़क मार्ग पर बनने वाले रेल उपरिगामी सेतु के निर्माण कार्य का शिलान्यास एवं भूमि पूजन किया। इस परियोजना की कुल लागत 5280.12. रुपए एवं लम्बाई 737.525 मीटर है। इस अवसर पर मा0 उप मुख्यमंत्री जी ने वहां पर उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस उपरिगामी सेतु के निर्माण होने से शहर के एवं विशेष रूप से सलोरी क्षेत्र के निवासियों को आवागमन में सुविधा होगी और जाम से निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि इसके पूर्व बक्शी बांध रेलवे क्रांसिंग पर रेल उपरिगामी सेतु का शिलान्यास किया गया, जिसका निर्माण कार्य भी प्रारम्भ हो गया है। इसी तरह से मलाकहरहर फाफामऊ से गंगा नंदी पर बनने वाले 6 लेन पुल का निर्माण कार्य भी शुरू हो गया है। मा0 उपमुख्यमंत्री जी ने सेतु निगम के अधिकारियों को निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण करने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर मा0 सांसद फूलपुर श्रीमती केशरीदेवी पटेल, मा0 विधायक शहरी उत्तरी हर्ष वर्धन वाजपेयी, मा0 विधायक फाफामऊ विक्रमाजीत मौर्य, नगर भाजपा के अध्यक्ष गणेश केशरवानी के साथ ही अन्य जनप्रतिनिधिगणों के अलावा सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

सलोरी रेल उपरिगामी सेतु निर्माण हेतु भूमिपूजन करते उपमुख्यमंत्री

आसमान पर छाए बादलों ने बूंदाबांदी की मकर संक्रांति पर बारिश के आसार

प्रयागराज। पश्चिमी विक्षोभ के चलते पश्चिमी यूपी में कई जगहों पर बारिश के आसार बन रहे थे। शनिवार सुबह ही प्रयागराज में कई इलाकों में बूंदाबांदी हुई। इसके चलते गलन और ठंड बढ़ जाएगी। पिछले दो-तीन दिनों से दिन में गर्मी का अहसास हो रहा था। मौसम के जानकारों का मानना है कि अभी कोहरा और गलन बढ़ेगी। मकर संक्रांति तक बूंदाबांदी हो सकती है। बादल तो प्रयागराज के आसमान पर कल यानी शुक्रवार से ही छाए थे। वहीं शनिवार की सुबह बादल घने हो गए और बूंदाबांदी भी हुई। इससे मौसम ने फिर करवट ले ली है। अभी तक पिछले दिनों से गर्मी का एहसास हो रहा था लेकिन अब बदल गया है। दोपहर में भी बादलों के कारण धूप पूरी तरह नहीं निकल सकी। बादलों और सूर्य की किरणों में लुका-छिपी का खेल भी जारी है। इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. एआर सिद्दीकी ने बताया कि पहाड़ों पर बर्फबारी हुई है। पश्चिमी विक्षोभ बना हुआ है। इसके चलते शुक्रवार को पश्चिमी यूपी में कई जगहों पर बारिश के आसार बने थे। हालांकि बूंदाबांदी नहीं हुई। शनिवार को प्रयागराज सुबह ही बूंदाबांदी शुरू हो गई। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में अभी कोहरा और गलन बढ़ेगी। मकर संक्रांति तक बूंदाबांदी हो सकती है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 24.9 रिकॉर्ड किया गया था। वहीं न्यूनतम तापमान 15.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। वहीं गुरुवार को अधिकतम तापमान 28 डिग्री और न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था।

परिषदीय स्कूलों के जर्जर भवन ढहाए जाएंगे

प्रयागराज। दो दिन पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जर्जर सरकारी भवनों के ध्वस्तीकरण के लिए निर्देशित किया। उसके बाद शिक्षा विभाग भी हरकत में आ गया है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक ने पत्र जारी कर सभी जिले के डीएम व जिला शिक्षा परियोजना समिति को निर्देशित किया है कि भवनों का निरीक्षण करें। जो जर्जर हों उन्हें चिह्नित करें। यदि स्कूल का संचालन जर्जर भवन में होता मिले तो तुरंत वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। प्रत्येक जर्जर भवन का ध्वस्तीकरण कराया जाए।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक ने अपने पत्र में कहा है कि जर्जर भवन में विद्यार्थियों का प्रवेश हर हाल में प्रतिबंधित किया जाए। प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय के जर्जर भवन का सेफ्टी ऑडिट कराया जाए। जर्जर भवन से संबंधित शिक्षक, प्रधानाध्यापक, खंड शिक्षाधिकारी को प्रत्येक चीज के लिए उत्तरदायी बनाया जाए। पत्र में यह भी निर्देशित है कि यदि भवन की मरम्मत कराना हो तो उसके लिए ग्राम पंचायत व स्थानीय स्रोत का प्रयोग करें। यदि स्थानीय स्तर पर यह संभव न हो तो उसका प्रस्ताव आगणन सहित शासन को भेजें।

बेसिक शिक्षाधिकारी संजय कुशवाहा ने बताया कि काया कल्प योजना के तहत परिषदीय स्कूलों की स्थिति में सुधार किया जा रहा है। जिले भर में अब तक 389 भवनों को जर्जर के रूप में चिह्नित किया गया था। इनमें से 282 स्कूल भवन ध्वस्त कराए जा चुके हैं। शेष 107 भवन को पीडब्ल्यूडी विभाग ने ध्वस्त करने योग्य नहीं माने। उनके मरम्मतीकरण की प्रक्रिया चल रही है। दूसरे चरण में जनवरी के अंत तक फिर जिले के जर्जर भवन वाले स्कूल चिह्नित कर लिए जाएंगे। इनके ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया भी मार्च के अंत तक पूरी कर ली जाएगी।

अखण्ड भारत संदेश के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

मुद्रक/प्रकाशक
स्वामी श्री योगी सत्यम

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

गंगा एक्सप्रेस वे के लिए शुरू किया जाएगा सर्वे का काम

प्रयागराज। गंगा एक्सप्रेस के लिए जमीन अधिग्रहण के लिए होने वाले सर्वे में कुछ गांव छूट गए हैं। प्रशासन को लगभग 25 हेक्टेयर अधिक जमीन का अधिग्रहण करना है। इसके लिए सर्वे जल्द ही शुरू करा दिया जाएगा। एडीएम वित्त एवं राजस्व एमपी सिंह ने बताया कि 20 गांवों से गंगा एक्सप्रेस के लिए जमीन का अधिग्रहण होना है। इसके लिए कुछ गांव छूट गए थे। इसमें 25 हेक्टेयर जमीन और अधिक चाहिए है। इसका सर्वे कराया जाएगा। इसके लिए ग्रामीणों से बातचीत के लिए टीम जाएगी। जिन 20 गांवों में अब तक सर्वे हुआ है उसमें अब तक 182 बीघा जमीन अधिग्रहीत करने की बात सामने आई है। इसके लिए ग्रामीणों से बातचीत चल रही है। जिससे मुआवजा तय हो जाए।

प्रथम स्नान पर्व मकर संक्रांति को चार दिन शेष, कल्पवासियों की सुविधाएं नदारद

प्रयागराज। प्रयागराज में संगम की रेती पर लगने वाले माघ मेले की तैयारियां अधूरी ही हैं। माघ मेले का प्रथम स्नान पर्व मकर संक्रांति को अब सिर्फ चार दिन शेष रह गया है, लेकिन अरैल संगम तट पर कल्पवासियों को दी जाने वाली सुविधाएं नदारद है। मेले की तैयारी काफी पीछे हैं। अभी तक सड़कों पर चकर प्लेट तक नहीं बिछाया गया है। पानी का कनेक्शन नहीं किया गया है। मध्य प्रदेश और बिहार के अधिकांश व मीरजापुर के कल्पवासी अरैल संगम तट पर ही माह भर कल्पवास करते हैं। उन्हें बिजली पानी और सड़क की व्यवस्था मेला प्रशासन की ओर से कराया जाता रहा है। इस बार मेले की तैयारी अरैल क्षेत्र में काफी पीछे है। सड़कें काट दी गई हैं, लेकिन उस पर बालू की वजह से चलना मुश्किल है। सड़कों पर चकर प्लेट नहीं बिछाए जाने से टेंट लगाने के लिए आने वाले काफी परेशान हो रहे हैं। उनके वाहन बालू में फंस जाते हैं, जिससे वह घंटों परेशान रहते हैं। जल संस्थान बिजली विभाग का टेंट दो सप्ताह पहले ही यहां लग गया है। वहीं काम के नाम पर बिजली के पोल खींच दिए गए हैं और तार भी लगाए गए हैं, लेकिन तट पर प्रकाश की व्यवस्था नहीं की गई है। यही हाल जल संस्थान का भी है। नल लगाए जाने के स्थान तक चिन्हित नहीं किए गए हैं। पाइप ऐसे ही पड़े हुए हैं। घाट के समतलीकरण का काम अभी भी अधूरा है। मात्र दो ट्रेक्टरों को ही इस काम में लगाया गया है, कछुआ की चाल की तरह काम कर रहे हैं। स्नान पर्व का समय नजदीक आने के बावजूद आधी-अधूरी तैयारी से कल्पवासियों कि फजीहत होनी तय है। अरैल तटबंध मार्ग पर लगी 90 फीसद स्ट्रीट लाइट खराब है, जिससे शाम होते ही इस मार्ग पर अंधकार कायम हो जाता है। अधिकांश श्रद्धालु इसी मार्ग से मेले में प्रवेश करते हैं। ऐसे में उन्हें असुविधा तो हो ही रही है।

संक्षेप समाचार

जगह-जगह गड्ढे में तब्दील सड़क

कौशांबी। जनपद मुख्यालय मंझनपुर कस्बे के अंदर नेहरू नगर में दुल्हन गेस्ट हाउस के पास से रोडवेज बस स्टॉप तक जाने वाली सड़क और वशिष्ठ बालिका इंटर कॉलेज से नया पुरवा को जाने वाली यह दोनों सड़कों में जगह जगह पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कत होती है कई बार बाइक और साइकिल सवार इस गड्ढे में गिर कर चोटिल हो चुके हैं इस सड़क पर पड़ने वाली दो पुलिया है और दोनों पुलिया टूटी हुई है जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी होती है।

किसान सम्मान निधि के जिम्मेदार लगा रहे पलीता

कौशाम्बी। प्रधानमंत्री मोदी की महत्वकांक्षी योजना किसान सम्मान निधि में जिम्मेदार पलीता लगा रहें है। योजना का पैसा गैरो के खाते में भेजा जा रहा है। शुक्रवार को चायल तहसील में ऐसा मामला देखने को मिला है। पीड़ित ने शिकायत एसडीएम से किया है। कसेन्दा गांव निवासी नरेंद्र कुमार ने एसडीएम से शिकायत करते हुए बताया कि वह किसान सम्मान योजना का पात्र लाभार्थी है। लेकिन उसके खाते में पैसा नहीं आ रहा है।

नलकूप पर सो रहे युवक की फावड़ा मारकर हत्या

घटनास्थल से मिली शराब की खाली बोतल सीसी और तीन गिलास

कौशाम्बी। मंझनपुर सर्किल क्षेत्र के कौशांबी थाना अंतर्गत सिंघवल गांव के मजरा आरखा के पास नलकूप में सो रहे एक युवक की फावड़े से हमला कर आधी रात को हत्या कर दी गई है मामले की जानकारी परिजनों को सुबह हुई है हत्या की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी समेत थाना पुलिस भारी फोर्स कर साथ घटनास्थल पर पहुंच गई है लेकिन ग्रामीणों ने हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पुलिस को लाश पोस्टमार्टम को ले जाने से रोक रहे थे पुलिस अधीक्षक के काफी समझाने बुझाने के बाद ग्रामीणों ने पोस्टमार्टम को लाश जाने दिया है पुलिस हत्यारों की तलाश में लगी है घटनास्थल से शराब की खाली बोतल सीसी और तीन गिलास मिले हैं जिनसे आशंका है कि मृतक और हत्यारों के बीच पहले से पहचान रही होगी और शराब पिलाकर युवक की हत्या की गई होगी। घटनाक्रम के मुताबिक कौशांबी थाना क्षेत्र के सिंघवल गांव निवासी प्रमोद कुमार पांडेय उम्र लगभग 23 वर्ष पुत्र सत्यदेव पांडेय इसी गांव के मजरा अरखा के पास लगे परिजनों के नलकूप में कई दिनों से सोने जाते हैं। रात को प्रमोद पांडेय नलकूप में रहते थे शनिवार की सुबह जब प्रमोद किसी को दिखाई नहीं पड़े तो लोग उन्हें नलकूप के कमरे में देखने गए तो देखा कमरे का दरवाजा खुला हुआ है और खून से लथपथ जमीन पर उनकी लाश पड़ी है मौके पर शराब की खाली बोतल सीसी और 3 गिलास पड़े थे खून से सना ईटा फावड़ा भी मौके पर पड़ा हुआ था घटनास्थल देखने से प्रतीत हो रहा था कि फावड़ा मारकर उनकी हत्या की गई है। लोगों ने बताया कि शुक्रवार की शाम एक बाइक से प्रमोद पांडेय के साथ दो अन्य लोग चंपाहा बाजार शराब लेने गए थे उन दो लोगों को ग्रामीण पहचान रहे हैं और पुलिस को उनके बारे में ग्रामीणों ने बताया भी है। प्रमोद पांडेय की हत्या को पुलिस पारिवारिक विवाद मान रही है जिस समय प्रमोद के परिजन पुलिस अधिकारी से बात कर रहे थे तो उस समय एक पुलिस अधिकारी की संवेदना इस कदर मर गई थी उसने जिस घर में हत्या उसके परिजनों से आक्रोशित होकर यह कह डाला कि गड़ा मुर्दा उखाड़ने नही आया हूं मृतक परिवार पर संवेदना व्यक्त करने के बजाए पुलिस मृतक के परिजनों पर ही रौब गाँठते दिखाती नजर आई है।

घटनास्थल पर रोते बिलखते परिजन व ग्रामीण तथा मौजूद परिजनों व ग्रामीणों से बात करते पुलिस अधिकारी

लगातार हो रही हत्याओं से दहल रहा कौशांबी

कौशांबी। जिले में बढ़ते अपराध से जिले वासी दहल रहे हैं आए दिन जिले में लोगों की हत्याएं हो रही हैं कुछ मामले का खुलासा थाना पुलिस कर पाती है और हत्या के तमाम मामले खुलासे के इंतजार में पुलिस थाने के अभिलेखों में दब जाते हैं दर्जनों हत्याकांड का खुलासा विभिन्न थाना पुलिस नहीं कर सकी है अपराधों के खुलासे में लापरवाही के चलते अपराधियों के हौसले कम नहीं हो पाते हैं जिसका नतीजा यह है कि आए दिन हत्याएं हो रही हैं हत्याओं की घटनाओं पर आला अधिकारियों को गंभीरता बरतते हुए दोषियों पर कठोर कार्रवाई करनी होगी तभी कानून के भय के चलते लोग हत्या करने से कांप जाएंगे लेकिन हत्याओं के खुलासे और अपराधियों को कठोर दंड दिलाने के प्रति थाना और सर्किल पुलिस गंभीर नहीं हैं तमाम थाना पुलिस के पास मिलते जुलते हिस्ट्रीशीटर भी देखे जाते हैं।

फरियादियों की समस्याओं को सुनते थानेदार

थाना प्रभारी ने फरियादियों की बातों को सुनकर समस्याओं को किया निस्तारित

थाना समाधान दिवस

कोखराज कौशाम्बी। कोखराज थाना के समाधान दिवस में एसओ प्रदीप कुमार राय व राजस्व निरीक्षक ने फरियादियों की बातों को सुना और फरियादियों की तमाम समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया समाधान दिवस में लोगो ने अपनी समस्याओं को एसओ कोखराज से बताया जिस पर सभी सर्किल के लेखपालों को विवादित मामलों को जाँच कर निस्तारण करने के लिए उन्होंने कहा। इस मौके पर कानून गो रियाज लेखपाल अमर सिंह ,अमन सिंह ,अम्रत सिह,मान सिह, धर्म राज जिला मंत्री लेखपाल संघ,विनोद मिश्रा, बसन्त लाल गुप्ता,सुमित, मान सिंह अनुराधा,दिलीप सिंह आदि लेखपालों की मौजूदगी रही समाधान दिवस में लोगों की समस्याओं को तत्काल निस्तारण करने का भी एसओ कोखराज ने निर्देश दिया इस मौके पर चौकी इंचार्ज राकेश राय भरवारी , कामता प्रसाद चौकी इंचार्ज मूरतगंज सहित उप निरीक्षक एव पुलिस के जवान मौजूद रह।

अनियंत्रित होकर पलटी बाइक, बुजुर्ग की मौत

प्रतापगढ़। तीन सवारी लेकर जा रही बाइक मोड़ पर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरे गड्ढे में पलट गई। बुजुर्ग की बाइक के नीचे दबने से मौत हो गई। बाइक पर सवार अन्य दोनों लोग मामूली जख्मी हो गए। दोनों को थाने भेजकर पुलिस ने मृतक बुजुर्ग के परिजनों को सूचना दी।आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के उपाध्यायपुर निवासी राम समुझ यादव (70) ओझाई करते थे। शनिवार को वह शिव प्रसाद चैरसिया निवासी सैफाबाद थाना आसपुर देवसरा के साथ दूसरे ओझा से मिलने कोहंडौर थाना क्षेत्र के लौली गए थे। शाम करीब चार बजे वह लौट रहे थे। बाइक को शिव प्रसाद चैरसिया का बेटा मनीष चैरसिया चला रहा था। राम समुझ बाइक में बीच में बैठे थे और सबसे पीछे शिव प्रसाद बैठे थे।बाइक कोहंडौर थाना क्षेत्र में अतरसंड के पास स्थित गौरापुल मोड़ पर पहुंची तो अनियंत्रित होकर करीब 10 फीट गहरे गड्ढे में चली गई। शिव प्रसाद (45) व मनीष (22) बगल गिरकर मामूली तौर पर घायल हुए लेकिन राम समुझ बाइक के नीचे दब गए। आसपास के ग्रामीणों ने दौड़कर राम समुझ को बाहर निकाला लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। मौके पर पहुंची कोहंडौर पुलिस ने शिव प्रसाद व मनीष को थाने भेज दिया और राम समुझ के घर सूचना दी। रामसमुझ के चार बेटे हैं। मोड़ पर नहीं बना स्पीड ब्रेकर रू गौरा पुल का मोड़ कई जान ले चुका है। सितम्बर में वहीं दो होमगार्ड हादसे में मौत का शिकार हुए थे। होमगार्ड की मौत के बाद अधिकारियों ने स्पीड ब्रेकर बनाने का आदेश दिया था। लेकिन स्पीड ब्रेकर अब तक नहीं बना और शनिवार को एक और जान चली गई।

घअना स्थल पर शव को देखता परिजन व लगी भीड़

बाइक समेत गिरे बैंक कैशियर की मौत

कुंडा, प्रतापगढ़। घर से ड्यूटी पर जा रहे बैंक कैशियर की बाइक से गिरकर मौत हो गई। इसकी जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। बैंक के शाखा प्रबंधक समेत अन्य कर्मचारियों ने घर पहुंचकर संवेदना जताई।बाघराय थाना क्षेत्र के तारापुर कंदई ऐमापुर बिंधन के वेद व्यास पाण्डेय (58) बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की भिटारा शाखा में कैशियर पद पर सेवारत थे। शुक्रवार को वह बाइक से बैंक जा रहे थे। गलगली में श्याम का पुरवा के पास अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई। वह गाड़ी लेकर सड़क पर गिर गए। काफी देर तक अचेत अवस्था में पड़े रहे। आसपास के लोगों ने उनको उठाकर सीएचसी भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद भी हालत में सुधार न होने पर डॉक्टरों ने स्वरूपरानी अस्पताल प्रयागराज रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान शुक्रवार देर रात वेद व्यास ने दम तोड़ दिया। शनिवार को बैंक के शाखा प्रबंधक डीके जैन, उप निबंधक विवेक दूबे, जय सिंह, चन्द्रजीत, कोर्रही प्रधान गयापाल सिंह कछवाह, प्रधानपति मुन्ना यादव, भिटारा व्यायार मंडल अध्यक्ष धीरेन्द्र मिश्र ने वेद व्यास के घर जाकर संवेदना जताई।

पिकअप की टक्कर से सब्जी विक्रेता गंभीर

प्रतापगढ़। मंडी से लौट रहा बाइक सवार सब्जी विक्रेता सड़क हादसे में घायल हो गया। जिला अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है।कंधई थाना क्षेत्र में गोंई के रहने वाले भागीरथ का बेटा श्यामलाल (50) गांव में सब्जी की दुकान लगाता है। शनिवार सुबह करीब 10 बजे वह बाइक पर सब्जी लादकर चिलबिला मंडी से घर लौट रहा था। शीतलागंज-उड़ैयाडीह रोड पर जगदीशगढ़ चैराहे के पास सामने से आ रही पिकअप ने उसे टक्कर मार दी। वह बाइक समेत सड़क के किनारे गड्ढे में गिरकर घायल हो गया। टक्कर मारने के बाद पिकअप चालक भाग निकला। लोगों ने घायल सब्जी विक्रेता को सीएचसी बाबा बेलखरनाथ धाम में भर्ती कराया। वहां से गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

गंगा एक्सप्रेस वे का सरकारी नक्शा चोरी

कुंडा। महेशगंज थाना क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेस वे की रिपोर्ट तैयार करने के दौरान लेखपाल का सरकारी नक्शा चोरी हो गया। लेखपाल ने ग्राम प्रधान पर शक जताते हुए आठ लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर पुलिस को दी है। मुकदमा दर्ज न होने पर समाधान दिवस में शिकायत की।महेशगंज थाना क्षेत्र के गिस्था पनाह नगर के हल्का लेखपाल ओमप्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि वह गंगा एक्सप्रेस वे के लिए सर्वे करने के लिए दो जनवरी को पनाहनगर गए थे। वहां अपना अभिलेखीय बस्ता रखकर वह लघुशंका के लिए चले गए। इसी बीच बस्ते में रखा सरकारी नजरी नक्शा, खातेदारों की पुरानी सूची, गांव का बंदोबस्त आदि चोरी हो गया। इससे सर्वे रिपोर्ट तैयार करने में अब दिक्कत आ रही है। ओमप्रकाश ने घटना वाले दिन ही प्रधान समेत आठ लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर पुलिस को दी। लेकिन पुलिस ने मामले में हफ्तेभर बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं की। शनिवार को लेखपाल ने समाधान दिवस में इसकी शिकायत की।

प्रेमी से शादी के विरोध पर किशोरी ने लगाई फांसी

कुंडा। प्रेमी से शादी के विरोध पर किशोरी ने फांसी लगाकर जान दे दी। उसके पिता की तहरीर पर पुलिस ने प्रेमी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे हिरासत में लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।हथिगवां थाना क्षेत्र के बेंती की एक किशोरी का पड़ोस के एक स्वजातीय युवक से प्रेम संबंध था। दोनों शादी करना चाहते थे लेकिन परिजनों का विरोध था। शुक्रवार शाम इसी बात पर किशोरी काफी नाराज थी। रात करीब आठ बजे वह घर के कमरे में गई और छत के चुल्ले में दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली। काफी देर बाद परिजन उसे खोजते हुए अंदर कमरे में पहुंचे तो उसे फांसी के फंदे पर लटका देख सन्न रह गए। पुलिस को सूचना दी गई। किशोरी के पिता ने उसके प्रेमी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी । पुलिस ने आरोपित के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर उसे हिरासत में लिया है। एसओ उदय त्रिपाठी का कहना है कि मामला प्रेम प्रसंग का है।

कुएं मे समाई महिला

प्रतापगढ़। कुंए मे पानी भरने गयी महिला का पैर फिसलने से शनिवार की सुबह मौत हो गयी। हालांकि महिला को बचाने के लिए उसके पति ने भी कुंए मे छलांग लगाई किंतु वह पत्नी को गहरे पानी मे समा जाने से बचा न सका। परिजनों ने स्वाभाविक दुर्घटना के चलते मृतका का अंतिम संस्कार कर दिया। कोतवाली के पूरे वंशी गांव के रामधन सरोज की पत्नी संगीता 30 सुबह करीब नौ बजे घर के समीप कुंए से पानी भरने गयी थी। महिला को मानसिक रोगी बताया जाता है। पानी भरते समय अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह कुंए के गहरे पानी मे समा गयी। महिला को कुंए मे समाया देख उसका पति बदहवाश हो उठा और बचाव के लिए वह भी कुंए मे छलांग लगा बैठा किंतु पत्नी को बचा न पाया। प्रधान की सूचना पर लालगंज से फायर बिग्रेड की टीम भी पहुंची। तब कहीं जाकर महिला का शव कुंए से बाहर निकलवाया जा सका। सीओ जगमोहन तथा प्रभारी कोतवाल रामअधार भी मौके पर पहुंचे।

जल जीवन मिशन से मिलेगा हर घर को शुद्ध पेयजल : अजय

प्रतापगढ़। जल निगम प्रतापगढ़ की पहल पर पर्यावरण सेना द्वारा ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल हेतु कनेक्शन लेने, जल संरक्षण और पानी का महत्व बताने के उद्देश्य से बालिका इंटर कॉलेज खरवई में जल जागरूकता अभियान के तहत पानी पाठशाला का आयोजन कर लोगों को जल संरक्षण और हर घर नल - हर घर जल योजना के तहत हर परिवार को अपना कनेक्शन लेने हेतु जागरुक किया गया। पानी पाठशाला को संबोधित करते हुए जल शक्ति अभियान के ब्रांड एंबेसडर अजय क्रांतिकारी ने कहा कि भूजल बचाने के लिए वर्षा जल संचयन जरूरी है।पानी के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है।धरती पर ऑक्सीजन और पानी के बिना हम नहीं रह सकते। शुद्ध पेयजल की उपलब्धता के लिए सरकार का जल जीवन मिशन पूरे जिले में लागू है।उन्होंने सभी को जल के प्रति जागरूक करते हुए वाटर कनेक्शन लेने के लिए प्रेरित किया ।जेई जल निगम मान्धाता अजीत कुमार ने कहा कि सभी को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए सरकार जल जीवन मिशन के तहत सभी को पाइप लाइन से जल उपलब्ध करा रही है। उन्होंने सभी से इस मिशन को सफल बनाने हेतु सहयोग कि अपील की ।कालेज की प्रधानाचार्य पूनम श्रीवास्तव ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर त्रिभुवन सिंह, अरुण सिंह चिंटू,सरिता देवी, किरण देवी,आशीष सिंह आदि रहे।

बालिका इं.का. खरवई में जल जागरूकता कार्यक्रम में बोलते वक्ता

सर्राफा दुकान में लूट का खुलासा न हुआ तो आंदोलन

प्रतापगढ़। नगर कोतवाली मे सराफा व्यवसाई से दिनदहाडे लूट की घटना का पदार्फाश न होने पर क्षेत्रीय व्यापारियों मे भी आक्रोश है। शनिवार को स्थानीय बाजार तथा रामपुर बावली बाजार मे व्यापारियों की बैठक मे दिनदहाडे लूट की घटना की निंदा करते हुए खुलासा न होने पर आंदोलन की बात कही गयी। स्थानीय बाजार मे हुई बैठक को संबोधित करते हुए उद्योग व्यापार मण्डल के अध्यक्ष उदयशंकर दुबे ने पुलिस चैकी से महज पांच सौ मीटर दूर हुई लूट को शर्मनाक ठहराया। इस मौके पर अन्नू सिंह, राजेश कौशल, रहमान अंसारी, बब्लू पटवा, राजकुमार मिश्र, डा. सुनील मोदनवाल आदि रहे। वहीं रामपुर बावली बाजार मे भी उद्योग व्यापारमण्डल के अध्यक्ष राजबहादुर सिंह उर्फ राजू की अध्यक्षता मे हुई बैठक मे नगर कोतवाली क्षेत्र की घटना के खुलासा न होने पर धरना व प्रदर्शन शुरू किये जाने की चेतावनी दी गई है।

रानीगंज थाना समाधान दिवस में डीएम ने सुनीं शिकायतें

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी डा नितिन बंसल एवं पुलिस अधीक्षक शिवहरि मीना ने आज थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना रानीगंज में पहुँचकर शिकायतकताओं की शिकायतों को सुना। जिलाधिकारी ने थाना रानीगंज में शिकायत रजिस्टर का अवलोकन किया और वहां पर उपस्थित सी0ओ0 रानीगंज से शिकायतों के निस्तारण की स्थिति के विषय में जानकारी प्राप्त की। आज के थाना समाधान दिवस में कुल 12 शिकायतकताओं ने अपने-अपनी शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की। उन्होने थाना समाधान दिवस में आये हुये शिकायतकताओं की शिकायतों को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को शिकायत का निस्तारण करने का निर्देश दिया। इसी के दौरान शिकायतकर्ता मालती पाण्डेय निवासी छानापार ने जमीनी विवाद के प्रकरण के सम्बन्ध में बताया कि कानून-गो एवं लेखपाल द्वारा शिकायत का निस्तारण नही किया गया जिस पर जिलाधिकारी ने कानून-गो हरिकेश मौर्य एवं लेखपाल अनिल यादव को कड़ी फटकार लगाते हुये निर्देशित किया कि जल्द से जल्द शिकायत का निस्तारण कराया जाये। जिलाधिकारी ने थाना समाधान दिवस में प्राप्त हुई शिकायतों को पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इस निर्देश के साथ हस्तगत किया की शिकायतों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित स्थल पर जाकर दोनो पक्षों की उपस्थिति में शिकायतों का निस्तारण तत्काल कराना सुनिश्चित करें, शिकायतों के निस्तारण होने के पश्चात अपनी रिपोर्ट आख्या थाना समाधान दिवस रजिस्टर में अनिवार्य रूप से अंकित करें तथा शिकायत के निस्तारण से शिकायतकर्ता को अवश्य अवगत कराया जाये। जिलाधिकारी ने शिकायतकताओं की शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से करने के लिये निर्देशित किया। उन्होने कहा कि थाना समाधान दिवस में राजस्व व पुलिस विभाग से सम्बन्धित जो भी शिकायतें आती है उन शिकायतों का निस्तारण समयबद्धता के साथ अगर कर दिया जाये तो अनेक बड़े विवादों से निजात मिल सकती है।

सीएमआर 30 प्रतिशत से कम देने वाले 04 राइस मिलर्स को नोटिस जारी करने का डीएम दिया निर्देश

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी डा नितिन बंसल की अध्यक्षता में कल सायंकाल कलेक्ट्रेट के सभागार में क्रय केन्द्र पर धान खरीद एवं सीएमआर, किसानों के बकाया भुगतान के सम्बन्ध में समीक्षा की। बैठक अपर जिलाधिकारी ने बताया गया कि भुवनेश्वरी मिलर्स, अम्बे राइस मिलर्स, ज्ञानवती राइस मिलर्स एवं अजय इण्डस्ट्री द्वारा 30 प्रतिशत से कम सीएमआर अभी तक दिया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर करते हुये इन चारों राइस मिलर्स को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया तथा सचेत किया यदि शत प्रतिशत सीएमआर नही दिया गया कि तो सम्बन्धित के खिलाफ विधिक कार्यवाही की जायेगी। बैठक के दौरान राइस मिलर्स द्वारा गोदाम में पर्याप्त स्पेस न होने की शिकायत की जिस पर जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि एफ0सी0आई0 के माध्यम से पर्याप्त जगह की व्यवस्था मिलर्स को उपलब्ध करायी जायेगी। अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) ने बताया कि जनपद में लक्ष्य के सापेक्ष धान खरीद कर ली गयी। जिलाधिकारी ने क्रय केन्द्र गौरा एवं लालगंज के सम्बन्ध में प्राप्त हो रही शिकायत के मद्देनजर इन केन्द्रों का सत्यापन कराये जाने का एडीएम को निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने विचैलियों की शिकायत के मद्देनजर यह भी निर्देशित किया कि धान विक्री करने वाले किसानों की खतौनी का सत्यापन कर लिया जाये। पीसीएफ के जिला प्रबन्धक द्वारा अवगत कराया कि ज्योति राइस मिल द्वारा पिछले वर्ष का 667 कुन्तल धान का सीएमआर अभी तक उपलब्ध नही कराया गया है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि यदि राइस मिलर्स द्वारा शत प्रतिशत सीएमआर उलपब्ध नही कराया जाता है तो सम्बन्धित राइस मिलर्स के खिलाफ कार्यवाही की जाये। बैठक में अनुपस्थित राइस मिलर्स को नोटिस निर्गत करने का निर्देश जिलाधिकारी ने डिप्टी आरएमओ को दिया। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0ध्रा0 शत्रोहन वैश्य, जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हुई गाड़ी की सूचना पर एक्शन में जेठवारा पुलिस

कटरा गुलाब सिंह। जेठवारा थाना क्षेत्र के कटरा गुलाब सिंह पुलिस चैकी क्षेत्र के कटरा बाजार से संदिग्ध परिस्थितियों में टवेरा गाड़ी गायब होने की सूचना पर एक्शन में आई कटरा गुलाब सिंह चैकी की पुलिस। सोशल मीडिया पर खबर वायरल होने के बाद जानकारी ली गई तो विश्वस्त सूत्रों से पता चला कि मिस्त्री रमाकांत विश्वकर्मा पुत्र हरी प्रसाद विश्वकर्मा चमरूपुर पठान का गैरेज कटरा गुलाब सिंह के रोड पर स्थित है।। मिस्त्री के मुताबिक गाड़ी कल शाम को बनने के लिए उनके गैरेज पर आई थी मिस्त्री रमाकांत के मुताबिक टवेरा गाड़ी में डीजल नहीं था और शॉर्ट सर्किट भी पूरा जला हुआ था जिससे गाड़ी स्टार्ट नहीं हो सकती थी। मामले की जांच पड़ताल में जब कटरा गुलाब सिंह चैकी की पुलिस जुठी तो बच्चा मिलन के दुकान के सामने लगे सीसीटीवी को एसआई राज्यभिषेक मिश्रा ने खंगाला तो उस में पता चला कि सीसीटीवी के सामने गाड़ी में दूसरा ड्राइवर बदला जा रहा है। जब मामले की जानकारी करने के लिए पुलिस ने गैरेज के मिस्त्री को बुलाया तो मिस्त्री चैकी पर नहीं गया। प्रथम दृष्टया मामला पूरी तरह संदिग्ध लगा वहीं सूत्रों की माने तो यह गाड़ी लगभग 1 महीने पहले बनने के लिए आई थी और पता करने पर पता चला कि गाड़ी तारिफ पुत्र तफ्सीर मनेहु थाना जेठवारा की है। प्रथम दृष्टया मामला पूरी तरह संदिग्ध लग रहा है गैरेज के मिस्त्री के सामने आने के बाद ही रहस्यमय तरीके से गायब हुई गाड़ी के राज से पर्दा उठ पाएगा। बताते चलें बहुत से इंस्पेक्टर थाना अध्यक्ष जेठवारा थाने आए और चले गए अभी कुछ महीना पहले जेठवारा थाने की चरमराई कानून व्यवस्था को देखते हुए पूर्व में रहे कप्तान अभिषेक सिंह ने रानीगंज थाने से जेठवारा थाने का चार्ज संजय पांडे को दिया था इसके पहले संजय पांडे रानीगंज थाना अध्यक्ष रहते हुए बड़े-बड़े मामलों को हल कर दिया था। लगभग डेढ़ वर्ष रानीगंज थाने में पूरी तरह से कानूनी व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त करने के बाद कप्तान ने जेठवारा थाने का चार्ज दिया जेठवारा थाने का चार्ज लेने के बाद ही यहां के अपराधियों की उल्टी गिनती शुरू हो गई।

शिक्षक हितों पर जारी रहेगा संघर्ष : उमेश द्विवेदी

सांगीपुर गांधी इं.का. मे शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी का स्वागत करता शिक्षक समुदाय

प्रतापगढ़। शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी की दोबारा विधान परिषद सदस्य के पद पर जीत को लेकर शनिवार को सांगीपुर क्षेत्र मे शिक्षको ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। गांधी इण्टर कालेज के प्रांगण मे आयोजित कार्यक्रम मे प्रधानाचार्य सुधाकर पाण्डेय के संयोजन मे शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी का जोरदार स्वागत किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए एमएलसी उमेश द्विवेदी ने कहा कि वह सदैव शिक्षक हितों के प्रति समर्पित रहेगें। उन्होनें कहा कि शिक्षको के मान-सम्मान तथा अधिकार के लिए वह सदैव खरे उतरेगें। शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने कहा कि प्रदेश मे तदर्श शिक्षको के विनियमतीकरण के लिए उनका प्रयास मजबूती से जारी है। उन्होने भरोसा दिलाया कि तदर्श शिक्षको के विनियमतीकरण के लिए योगी सरकार हर संभव कदम उठायेगी। कार्यक्रम का संयोजन करते हुए प्रधानाचार्य सुधाकर पाण्डेय ने उमेश द्विवेदी की जीत को शिक्षक स्वाभिमान की जीत ठहराया। अध्यक्षता वित्तविहीन शिक्षक महासभा के जिलाध्यक्ष लाल कृष्ण प्रताप सिंह व संचालन शिक्षक नेता रामबोध शुक्ल ने किया। कार्यक्रम को ब्लाक अध्यक्ष राजेश मिश्र, केके सिंह, विजयनाथ मिश्र, अरूण द्विवेदी, अजीत मिश्र, दिनेश मिश्र, महेन्द्र प्रताप सिंह ने भी संबोधित करते हुए शिक्षक विधायक के शिक्षको के हित मे किये गये कार्यो का बखान किया। इस मौके पर माशिसं के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष डा. आशीष सिंह, दयाराम वर्मा, हृदय नारायण मिश्र, बृजेश द्विवेदी, संतोष त्रिपाठी, श्रीधर त्रिपाठी, श्री नारायण तिवारी, महादेव प्रसाद मिश्र, अनुराग उपाध्याय, प्रेम कुमार वैश्य, अनिल सरोज, चंद्रप्रकाश त्रिपाठी, अल्प नारायण शुक्ल, बृजेश शुक्ल आदि रहे। इसी क्रम मे शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी का क्षेत्र के महाराणा प्रताप, राम नरेश विश्वकर्मा, लाल बसंत सिंह, दुगार्दीन यादव, राजपती सिंह व भारतीय शिशु शिक्षा संस्थान समेत अनेक विद्यालयो मे स्वागत हुआ।

स्वतंत्र कवि मंडल सांगीपुर की मासिक गोष्ठी आज

प्रतापगढ़। सांगीपुर की मासिक गोष्ठी 10 जनवरी 2021 दिन रविवार को 1 बजे से ग्राम सूरजपुर (कुसही) ग्रामसभा खानीपुर (उदयपुर के पास) में वरिष्ठ रचनाकार धर्मराज सिंह बाबा राज प्रतापगढ़ीके निवास पर आयोजित की गई है। मंडल के अध्यक्ष अर्जुन सिंह एवं महामंत्री डॉ अजित शुक्ल ने मंडल के समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों से अपेक्षा की है कि कोविड 19का अनुपालन करते हुए गोष्ठी में समय से उपस्थित होकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगें ।मंडल के प्रेस प्रवक्ता परशुराम उपाध्याय सुमन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करके मंडल के सम्मानित सदस्यों से अनुरोध किया है कि वे अनिवार्य रूप से समय पर पहुंचकर गोष्ठी को बनाएं।